## सीएमओ ने किया नागरिक हस्पताल का औचक निरीक्षण

# गायनी वार्ड के फ्रिज में दवाइयों की बजाय मिली लस्सी और सब्जियां

### स्ट्रेक्चरों के व्यवस्थित ना होने पर जताई नाराजगी

### इमरजेंसी में एसी ठप, रजिस्टर में एंट्री पूरी नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएमओ डॉ. सुमन कोहली ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गायनी वार्ड में के फ्रिज में लस्सी की बोतले, सब्जियां रखी पाई गई। एमरजेंसी में एसी नहीं चल रहे थे। रजिस्टर में एंट्री पूरी नहीं पाई गई। सिविल सर्जन ने स्टाफ को चेताया कि अगर भविष्य में ऐसी गलतियां मिलती हैं, तो विभागीय कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। सीएमओ डॉ. सुमन कोहली शुक्रवार दोपहर को एमएस डॉ. अरविंद, डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला के साथ नागरिक अस्पताल में औचक नागरिक पर निकली। उन्होंने सबसे पहले गायनी वार्ड में दस्तक दी। उन्होंने सैंपल, किट, इंजेक्शन रखने के लिए वार्ड मे रखे फ्रिज को खुलवाया। इसमें दवाईयो के साथ लस्सी की बोतलें, खाने के टिफिन रखे मिले। जिस पर सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने वहां तैनात स्टाफ को साफ कहा कि फ्रिज केवल इंजेक्शन या कोल्ड में रखनी जाने वाली दवाइयां के लिए है। फ्रिज मे केवल इंजेक्शन तथा दवाईयां ही रखी जानी चाहिए। जिसके बाद सीएमओ पुरानी इमारत के गेट पर पहुंची। वहां पर खड़ी की गई बाइकों को हटाने तथा उन्हे गेट के पास न खड़ी होने देने की हिदायत कर्मियों को दी। इमरजेंसी के बाहर स्ट्रेचर इधर-उधर बिखरे थे और न ही वंहा पर कर्मचारी तैनात था। जिस पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जताई और कहा कि स्ट्रेचर व्यवस्थित रूप से खडे करने चाहिएं। कर्मचारी हमेशा स्ट्रेक्चर के पास उपलब्ध रहना चाहिए। इसके बाद इमरजेंसी की तरफ रूख किया। वहां मौजूद सुविधाओं और व्यवस्था की पूरी जानकारी ली। इमरजेंसी में मरीजो से बातचीत की और उनके स्वास्थ्य के बारे मे पूछा।


जींद। औचक निरीक्षण के दौरान डिप्टी एमएस डॉ. राजेश भोला व डॉ. अरविंद से बातचीत करती सीएमओ डॉ. सुमन कोहली। फोटो :हरिभूमि


जींद। कर्मचारियों से पूछताछ करती सीएमओ डॉ. सुमन कोहली।

#### पहले से व्यवस्था में सुधार

सीएमओ डॉ. सुमन कोहली ने कहा कि उनकी यहां पर नियुक्ति के बाद तीसरी बार नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया है। पहले से व्यवस्था में सुधार नजर आ रहा है। जहां पर खामियां नजर आई, वहां सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

#### बेहतर इलाज के साथ सुविधा दे स्टाफ

इसके बाद सिविल सर्जन लैब में पहुंची और बाद में नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को टोका। पट्टी कक्ष, डॉक्टरों के रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों की सुविधाओं को लेकर जवाब-तलबी की और मरीजो को बेहतर सुविधाए तथा इलाज देने की हिदायत स्टाफ को दी।

#### सदुपयोग की हिदायत

इसके बाद सिविल सर्जन नर्सिंग आफिसर के कमरे में पहुंची। उन्होंने वहां पर हाजिरी रजिस्टर को चेक किया। यहां पर रखे मॉनिटर के बारे में पूछा, इसका क्या काम है तो नर्सिंग आफिसर ने जवाब दिया कि हाजिरी लगाई जाती हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि केवल हाजिरी लगाने के लिए इसे रखा गया है, जहां जरूरत है वहीं पर रख कर सद्धुपयोग किया जा सकता है।

## चाकू घोंपकर हत्या करने का आरोपित देवर दबोचा

**जींद।** सदर थाना पुलिस ने गांव किशनपुरा में भाभी की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोपित देवर को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के पीछे आरोपित की पत्नी के साथ उसकी भाभी झगड़ा करती थी। पुलिस आरोपित को शनिवार को अदालत में पेश करेगी। गांव किशनपुरा निवासी 43 वर्षीय सुनीता वीरवार शाम को उसके देवर हुकमचंद के घर से कुछ दूरी पर चौक पर सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो गया था। सदर थाना पुलिस ने मृतका के बेटे रोहित की शिकायत पर हुकमचंद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

## प्रशासन ने हटाया अवैध अतिक्रमण

- दुकानदारो और रेहड़ी वालों का अवैध कब्जा हटवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्रशासन ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रम हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नए बस स्टैंड पर दुकानदारों और रेहड़ी वालों द्वारा किए गए अवैध कब्जा को हटाया। इस दौरान एसडीएम चंद्र सिंह ने बीडीओ जितेंद्र चौहान को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। उनकी अगुवाई में भारी पुलिस बल को तैनात कर अवैध कब्जा हटाने का काम किया गया। शुरू में कुछ दुकानदारों ने एतराज जताया लेकिन बाद में उन्होंने अवैध कब्जे हटाने शुरु कर दिए। इस दौरान बीडीओ जितेंद्र चौहान के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी सुशील गौड़ व कर्मचारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह पहले दुकानदारों को सूचित किया था लेकिन फिर भी वो मानने के लिए तैयार नहीं थे उसके बाद उन्होंने ये कठोर कदम उठाने का काम किया, अब आगे इस पर मोनिटर किया जाएगा ताकि दोबारा अवैध कब्जा ना करें।



## प्राइवेट अस्पताल से चार एमटीपी किट बरामद



**कैथल।** एंटी नारकोटिक सेल करनाल की टीम ने शुक्रवार रात करनाल रोड स्थित ऋषि नगर में निजी अस्पताल में दबिश दे एमटीपी किट बरामद की। कार्रवाई सेल के निरीक्षक वीरेंद्र कुमार व उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि करनाल रोड स्थित ऋषि नगर में एक निजी अस्पताल में एमटीपी किट बिना किसी अनुमति से बेची जा रही है। हालांकि इस मामले में टीम की तरफ जांच लगातार की जा रही है। टीम के सदस्य निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि इस मामले चार एमटीपी किट व एक नो यूज्ड एमटीपी किट भी बरामद की गई है। अब यह जानकारी प्राप्त की जा रही है कि आखिर यह किट मिली स्टेट नारकोटिक टीम करनाल कार्रवाई कर रही है। एक सप्ताह पहले ही चंदाना गेट पर बंद मकान में मिली थी पांच हजार से अधिक किट इससे पहले करीब एक सप्ताह पहले की ड्रग्स कंट्रोल व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चला चंदाना गेट पर बंद मकान में दबिश दी थी।

# गांव रोहेड़ियां में सड़क निर्माण में लीपातोली का आरोप, ग्रामीणों का प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

### जांच होने के साथ-साथ दोबारा से सड़क का निर्माण करवाया जाए

- मात्र पांच घंटे में ही सड़क का निर्माण कार्य कर निकले लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव रोहेड़ियां में कुतुबपुर रोड से गांव तक की एक किलोमीटर की सड़क में लीपापोती की गई। सड़क के निर्माण कार्य में धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ रोष जताया। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण कार्य को लेकर ठीक से कार्य नहीं किया गया गया है। मात्र पांच घंटे में ही सड़क का निर्माण कार्य कर निकले लिए। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण सड़क पर पहुंचे तो देखा की हाथ से ही बजरी निकले लगे। अगर इस मार्ग पर ट्रैफिक निकलेगा तो बजरी बाहर आ जाएंगी। ग्रामीण जयभगवान, सोनू, बिंटू, मुकेश, बलकार, हुकमी, बीरा राम, बीरभान, संदीप कश्यप, सिल्ला सैनी, मंदीप जागलान, सतनारायण, आभेराम ने बताया कि सड़क के निर्माण को लेकर खानापूर्ति की गई है। एक साल पहले ही सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन पत्थर डालकर बीच में ही काम छोड़ दिया गया। ग्रामीण इस बारे में कई बार अधिकारियों से मिले, लेकिन हर बार आश्वासन दे दिए गए। ग्रामीणों ने बताया कि वीरवार बाद दोपहर इस सड़क के निर्माण का कार्य शुरू हुआ था, जो रात आठ बजे तक पूरा कर दिया गया। जब शुक्रवार सुबह ग्रामीण सड़क पर निकले तो बजरी उखड़ी हुई मिली। इसके बाद ग्रामीणों ने एकत्रित होकर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्यकारी अभियंता राजकुमार व जेई दिनेश ने मौके का दौरा किया। कार्यकारी अभियंता के समक्ष ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य ठीक नहीं किया गया है। बजरी हाथ लगाते ही निकल रही हैं। इसकी जांच होने के साथ-साथ दोबारा से सड़क का निर्माण कार्य किया जाना चाहिए।


कैथल। सड़क निर्माण को लेकर रोष जताते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### दोबारा होगा कार्य

लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रामकुमार ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। इसमें कुछ कमियां मिली है। एक सप्ताह तक ट्रैफिक निकलने के बाद से इसका निर्माण कार्य करवा दिया जाएगा। सड़क के सैंपल भी लिए जाएंगे। इसके बाद ही राशि का भुगतान एजेंसी को किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी के विकास पर जिला प्रशासन सख्त

**जींद।** जींद शहर में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएग। बताया कि जांच के दौरान यह पाया कि राजस्व एस्टेट हैबतपुर के खसरा नंबर 25//21 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### एमएसएमई पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात व उद्यमिता को बढ़ावा देना है। वर्ष 44 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### सदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव मुआना से स्कूल के लिए निकली युवती के सदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदो पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी बेटी निजी स्कूल में पढ़ती थी। जो कि घर से स्कूल के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नही लौटी।

### बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक

**जींद।** हरियाणा बिजली पैन्शनर्स वेलफैयर एसोसिएशन की मीटिंग जींद डिवीजन प्रांगण में बिजली पैन्शनर्स यूनिट जींद की मीटिंग बुलाई गई। अध्यक्षता युनिट प्रधान जिले सिंह शर्मा ने की। मीटिंग में सबसे पहले अप्रैल मास में हमारे पैंशनर साथियों का जिनका स्वर्गवास हुआ व पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष भारत के नागरिकों को मार दिया गया व पाक द्वारा हमले में सेना के जो जवान शहीद उन सभी को श्रद्धांजलि दी गई।

### रंजिशन हमला करने पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव शामलो कलां मे रजिशन घर घुस हमला कर घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शामलो कला निवासी गुरनाम ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती देर शाम वह अपने मकान में था। पड़ोसी जयबीर तथा अन्य उसक मकान के बाहर गाली देने लगे थे।

### सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना योजना का लक्ष्य

जींद। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पंडित लख्मीचंद कलाकार सामाजिक सम्मान नामक एक नई योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना का उद्देश्य वरिष्ठ कलाकारों और लोक विधाओं के कलाकारों की वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि जिन कलाकारों ने अपने जीवन में सक्रिय रूप से कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### उपायुक्त ने पराली न जलाने की अपील की

**जींद।** रबी सीजन के अंतर्गत गेहूं की खरीद एवं उठान प्रक्रिया सुचारू रूप से प्रगति पर है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि मंडियों में खरीदे गए गेहूं का त्वरित उठान सुनिश्चित किया जाए। ताकि संभावित वर्षा जैसी प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों से फसल की सुरक्षा की जा सके व भंडारण व्यवस्थाओं पर अतिरिक्त दबाव न आए।

### समितियों के पुनर्गठन के लिए सभाओं का आयोजन

**जींद।** जिला समन्वयक विष्णु कुमार बागड़ी ने बताया कि हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा शुक्रवार को गांव अमरहेड़ी एवं पांडू पिंडारा में जैव विविधता प्रबंधन समितियों (बीएमसी) के पुनर्गठन के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

## जिलेभर में मदर्स-डे पर कार्यक्रमों का आयोजन किया

# इंडस पब्लिक स्कूल में मदर्स-डे पर रंगारंग कार्यक्रम मुख्य अध्यापिका बोली-मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु

### यदुवंशी शिक्षा निकेतन विद्यालय परिसर में छोटे बच्चों ने अपने मासूम अंदाज में माताओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिलेभर में शुक्रवार को मदर्स डे पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मदर्स डे पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों और उनकी माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माताओं की भागीदारी रहा। कुछ माताओं ने सोलो डांस परफॉर्मेंस दी, तो कुछ ने संगीत की धुनों पर मिलकर म्यूजिकल चेयर एक्टिविटी में हिस्सा लिया। साथ ही साथ बच्चों ने भी अपनी मदर्स को समर्पित डांस प्रस्तुतियां दीं। इनमें उनका उत्साह देखते ही बनता था। मदर्स ने अपने बच्चों पर अपने प्यार को न्योछावर करते हुए उनके साथ तरह-तरह की एक्टिविटीज की और एक यादगार दिन सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम के अंत में सभी मदर्स को पुरस्कृत करते हुए उनकी हौसला-अफजाई की गई। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने मदर्स को संबोधित करते हुए कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती है और यह दिन उनके योगदान और प्रेम को सम्मान देने का एक सुंदर अवसर है। बच्चों ने माताओं के लिए प्रस्तुत किए विशेष कार्यक्रमः यदुवंशी शिक्षा निकेतन विद्यालय परिसर में छोटे बच्चों ने अपने मासूम अंदाज में माताओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें गीत, कविता पाठ, नृत्य प्रदर्शन और मां के लिए धन्यवाद पत्र शामिल रहे। बच्चों ने अपने हाथों से मां के लिए हार्ट शेप कार्ड बनाए और मंच पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, जिसने सभी दर्शकों को भावुक कर दिया। तीसरी से पांचवीं समूह के बच्चों ने दिन भर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। शानदार नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों के साथ-साथ, बच्चों ने मातृ दिवस कार्ड बनाना और 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रसारित हुआ। छठी से आठवीं तक के वर्ग में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने विज्ञान से जुड़े रोचक तथ्यों और नवीन खोजों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी ज्ञान वृद्धि का परिचय दिया। साथ ही उन्होंने भी मातृ दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। नौवीं से 12वीं तक वरिष्ठ छात्रों के बीच एआई इन ओवर डेली लाइफ विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लाभ और चुनौतियों पर गहन चर्चा की। इसके साथ ही एक भावनात्मक मातृ दिवस समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने माताओं के योगदान पर भाषण दिए और स्वयं की कविताएं पढ़ीं।



जींद। इंडस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। इंडस स्कूल में अपनी माता के साथ मौजूद बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*



डीएवी स्कूल में विजेता माताएं प्राचार्य रश्मि विद्यार्थी व डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी के साथ।





जींद। सुप्रीम स्कूल में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### सुप्रीम स्कूल में मातृ दिवस मनाया

**जींद।** एकता नगर स्थित सुप्रीम स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इसका आयोजन स्कूल के प्राचार्य सतेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि मां की ममता, त्याग, प्रेम और बलिदान की तुलना किसी भी चीज से नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि मातृ दिवस हर साल मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है, जो माताओं के प्रति आभार और प्रेम प्रकट करने का विशेष अवसर होता है। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकगण भी मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों को मातृ दिवस के महत्व के बारे में बताया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. डी.पी. जैन, उपाध्यक्ष बलवान कौशिक और निदेशक शरत अत्री ने कार्यक्रम की सराहना की और सभी बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापकगण भी मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों को मातृ दिवस के महत्व के बारे में बताया।

### मां सदा पूजनीयः डॉ. धर्मदेव

**जींद।** डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि मां की वंदना करने वाला व्यक्ति मन-वचन-कर्म से अमीर होता है। उसका दिल इतना बड़ा हो जाता है, जिसमें दुनिया भर के दुख दर्द समा जाते हैं और वह सुख ही सुख का अनुभव करता है। डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कहा कि जो वीर आज भारतीय सीमा पर अपना पराक्रम दिखा रहे हैं उन्हें मां का आशीर्वाद प्राप्त है। यह मां ही है जो खुशी-खुशी उन्हें देश के लिए मरना सिखाती है, इसलिए मां सदा पूजनीय है। स्कूल प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने मां के गुणगान करते एक कविता के माध्यम से अपने विचार प्रकट किए। जिसका अर्थ यही था कि मां ही ममता है, मां ही सब कुछ है, इसलिए माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। बताया कि डीएवी स्कूल, जींद प्रतिवर्ष मातृ और पितृ दिवस मनाता है जिसके माध्यम से छात्रों को माता-पिता का सम्मान करना सिखाया जाता है। यह संस्कार केवल डीएवी पब्लिक स्कूल में ही दिए जाते हैं। इस मौके पर माताओं के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें मेहंदी लगाना, क्रोशिया से वस्त्र बुनना, आउट आफ वेस्ट के आधार पर सामान तैयार करना तथा फूड विदाउट फ्लेम जैसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ। मंच का संचालन मोनिका द्वारा किया गया। इस मौके पर टैलेंट शो में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को भी डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा नकद पुरस्कार दिए गए। मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता में ममता सिंधु, सुनैना, मीना बेस्ट 3 में रहे। क्रोशिया से बुनाई में सविता, रीना देवी, रमनप्रीत कौर और प्रीति बेस्ट 4 में रहे। एंब्रॉयडरी में सुनीता का प्रदर्शन अच्छा रहा। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में श्वेती और रीना सांगवान, कुक विद्युत फ्लेम में प्रिया गोयल, प्रियंका, एकता दूहन तथा बेस्ट डांसर्स में मयूरी मित्तल, ज्योति गर्ग और पूजा का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने कविताओ से सबका मन मोहा



## माता का स्थान संसार में सबसे ऊंचा : प्रभा ढिल्लो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल जींद जंक्शन में मदर्स डे मनाया गया। इस मौके पर छोटे छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यकर्मो में प्रस्तुती दी। बच्चों ने अपनी माताओं के लिए ग्रीटिंग कार्ड बनाया व छोटे बच्चों ने कविताओ से सबका मन मोह लिया। स्कूल प्रधानचार्य ओम प्रभा ढिल्लो ने कहा की मां की ममता और स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी छात्र के व्यक्तित्व निर्माण में सबसे प्रमुख भुमिका रखते है। माता पिता के दुलार से बच्चे उन सवेदनाओ को आत्मसात करते है। इसके फल स्वरूप बच्चे बुलंदियों को छुते है। उन्होंने कहा की जीवन में हम चाहे किसी भी उंचाई पर पहुचे हमे कभी भी अपने माता पिता के सहयोग, स्नेह उनके त्याग व बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए। मां का स्थान संसार में सबसे ऊंचा है। यह उत्सव स्कूल के बच्चों और अभिभावकों के बीच एक मजबूत बंधन को और भी मजबूत करने में सफल रहा। सभी ने मिलकर इस खास दिन को यादगार बना दिया। स्कूल के सभी शिक्षक और कर्मचारी भी इस उत्सव में शामिल हुए।




### विजेता माताओ को किया सम्मानित

**जींद।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सत्र 2025-26 में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया गया। इन छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम मंच पर प्रस्तुत किए गए। जिनमें कविता पाठ, समूह नृत्य, भाषण प्रमुख रहे। इन सभी कार्यक्रमों का विषय माँ रहा। जिसका मकसद रविवार को आने वाले मातृ दिवस को मनाना था। इसके अतिरिक्त छात्रों की माताओं को भी स्कूल में आमंत्रित किया गया तथा विभिन प्रकार की एक्टिविटी करवाई गई। विजेता माताओ को उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रबंधक वजीर ढांडा, प्रधानाचार्या सुधा शर्मा व उप प्रधानाचार्या मोनिका भाटी ने मातृ दिवस की सभी को बधाई दी।



महाराणा प्रताप की जयंती पर फोटो पर पुष्प अर्पित करते अतुल चौहान व अन्य।

### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**जींद।** बार एसोसिएशन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। जयति जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने बताया कि उनका नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिए अमर है। उन्होंने मुगल बादशहा अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। इसलिए अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप की नीतियां शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। महाराणा प्रताप मुगल सम्राट अकबर से नहीं हारे। हल्दी घाटी के युद्ध में प्रताप जीते। महाराणा प्रताप के विरुद्ध हल्दी घाटी में पराजित होने के बाद स्वयं अकबर ने तीन बार विशाल सेना के साथ महाराणा प्रताप पर आक्रमण किए।

## भगवान परशुराम ने अवतार लेकर किया था राक्षसों का वध : देवेंद्र अत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कसूहन गांव में आयोजित भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। यहां पर भगवान परशुराम की फोटो पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके आदर्शो पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे भी लगाए। भाजपा विधायक ने कहा कि जिस तरह से भगवान परशुराम ने राक्षसों के वध के लिए अवतार लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी उसी तरह आतंकवादियों का खात्मा कर रहे है। आतंकवादियों को सबक सिखाने का काम कर रहे है। पत्रकार वार्ता में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि भगवान परशुराम किसी विशेष जाति के नहीं बल्कि पूरे समाज के है। भगवान, महापुरूष किसी विशेष जाति के नहीं होते है समस्त समाज, समस्त बिरदारी के होते है। 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तान आतंकवादियों ने जो निर्मम हत्या की थी। हमारी बहादुर सेना, पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो पाकिस्तान के अंदर जाकर सेना ने आतंकवादियों को सबक सिखाया है। भारतीय सेना को सैल्यूट पूरा देश करता है।



जींद। विधायक देवेंद्र अत्री को फरसा देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। एमओयू करते प्राचार्य व जन सोशल एजुकेशन एनजीओ के सदस्य।

### एमओयू से सामाजिक जिम्मेदारी का होगा विकास

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के समाजशास्त्र और इतिहास विभाग द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में जन सोशल एजुकेशन एनजीओ रोहतक (सोसायटी एक्ट 2012) के तहत पंजीकृत के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह सहयोग शैक्षणिक उत्कृष्टता, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। सत्यवान मलिक ने बताया कि इस एमओयू के तहत दोनों पक्ष संयुक्त रूप से शोध, कार्यशालाओं, सेमीनार और सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। जो समाजशास्त्र और इतिहास के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान, सामाजिक मुद्दों पर गहन समझ और नेतृत्व कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।

### झारखंड की टीम को 70-48के अंतराल से हराया

# पिट्टू खेल प्रतियोगिता में महिला टीम ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 5वीं सीनियर और दूसरी सब जूनियर राष्ट्रीय पिट्टू खेल प्रतियोगिता का आयोजन इंदौर मध्य प्रदेश में पांच मई से लेकर नौ मई तक हुआ। इसमें हरियाणा राज्य की सभी टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। हरियाणा सब जूनियर महिला वर्ग टीम ने फाइनल मैच में टीम हरियाणा ने झारखंड की टीम को 70-48 के अंतराल से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।

टीम में ननजोत ढिल्लों, रिया ढिल्लों, झील से रूहानी, हैबतपुर से ईशानी, सपना दनौदा, पंचकूला से अंकिता, नमनदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग फाइनल मैच में मध्यप्रदेश से से हार का सामना करने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। हरियाणा पिट्टू पुरुष वर्ग में हैबतपुर गांव से रवि, अंकुश, नसीब, अनिकेत, आदर्श, लक्ष्य, विनय, सिंधवीखेड़ा से अंकुश, दनौदा से सूरज, सुनील, जींद से आदर्श, तरुण, पंचकूला से सुखविंदर शामिल रहे। हरियाणा टीम महिला वर्ग में फाइनल मुकाबले में गुजरात की टीम को 65-45 के अंतराल से हराया और गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा किया। हरियाणा महिला पिट्टू टीम में खेड़ीतलोड़ा से निशा, खुशी, रितु और मनीषा, ईक्कस से आशा, जींद से अंजलि और तमन्ना, फतेहाबाद से प्रेरणा, पानीपत से सपना, कैथल से मंदीप कौर टीम में मौजूद रही। हरियाणा टीम के कोच रुबी, मोनिका, अंकिता, रेखा और सुमित हैं। पिट्टू एसोसिएशन हरियाणा की प्रधान सुमन देवी ने बताया कि पिट्टू खेल हमारा धार्मिक खेल है, जो महाभारत काल से खेल प्रचलन में हैं।



जींद। विजेता टीम को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। ग्रामीणों को जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### कार्रवाई की गई

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ढांडा खेड़ी गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बुखार पीड़ितों की रक्त पट्टिका बनाई। इसके अलावा घरों में टंकी, कूलर, होदी, ड्राम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ में लार्वा की जांच की व मलेरिया से बचाव बारे पंपलेट भी बांटे गए। एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा ने कहा कि मलेरिया बुखार में कंपकंपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी, दस्त, चक्कर आना, जी मचलना और पूरे शरीर में थकावट होती है। इससे बचाव के लिए अपने घरों आसपास पानी एकत्रित नहीं होने दें। अगर पानी जमा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगाकर सोएं और खिड़कियों पर जाली लगाएं।

## खबर संक्षेप

### आरोपी से दो अवैध देशी कट्टे व कारतूस बरामद

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा थाना पूंडरी क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया गया है। जिसके कब्जे से 2 अवैध देशी कट्टे व एक कारतुस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी राजबीर सिंह व सिपाही संदीप कुमार की टीम को गश्त दौरान गुप्त सूचना मिली थी।

### कबड्डी खेल की टीमों के चयन का ट्रायल कल

**कैथल ।** जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि खेलो इंडिया गेम्स 2025 का 19 मई से 24 मई को डीएनएच एंड डीडी के केंद्र शासित प्रदेश दीव में करवाया जा रहा है। हरियाणा राज्य की सेपक टकराव व कबड्डी खेलों की टीमों के ट्रायल के आधार पर चयन किया जाना है। कबड्डी खेल के लिए (महिला व पुरूष ) 11 मई को सूरजमुखी कबड्डी एकेडमी जींद में ट्रायल आयोजित होंगे।

### चोरी के मामले में किशोर पकड़ा, बाइक बरामद

**कैथल।** बाइक चोरी के एक मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ के एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए कैथल निवासी 16 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव लोहचब निवासी अमन की शिकायत अनुसार 3 मई को जवाहर पार्क कैथल से उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज है।

### अलग-अलग मामलों में लाखों की राशि ठगी

**कैथल ।** जिले में साइबर ठगों ने अलग-अलग मामलों में लाखों रुपये की राशि ठग ली। पहले मामले में सदर पुलिस कैथल को गांव गुहना के राजेश ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जनवरी को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ गूगल पे के माध्यम से 15499 की धोखाधडी की। जांच अधिकारी साई दीपक ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव डोहर के सुरेश कुमार ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 7 मई को उनके खेत में बने कमरे से केबल, स्टार्टर व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 20000 बताई गई है। जांच अधिकारी पीएसआई दीपक ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी

**कैथल ।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से चोर दो बाइक चुरा कर ले गए। पहले मामले में शक्ति नगर कैथल के अजय कुमार ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि चोर 5 मई को हनुमान वाटिका कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए।

### गेहूं के कट्टे चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** रामथली समाधा से गेहूं के कट्टे चोरी करने के मामले की जांच चौरी रामथली पुलिस के एचसी बिजेंद्र की टीम द्वारा करते आरोपी माजरी निवासी पपनप्रीत को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मेगा माजरा निवासी गुरविंद्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### निपुण भारत मिशन की जिला स्तरीय बैठक

**कैथल।** बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अंतर्गत निपुण भारत मिशन की जिला परियोजना क्रियान्वयन युनिट की अप्रैल माह की समीक्षा बैठक शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कैथल में हुई। बैठक की अध्यक्षता उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र हुड्डा ने की। बैठक के प्रारंभ में जिला निपुण समन्वयक नरेश कुमार ने कक्षा तत्परता कार्यक्रम के अंतर्गत स्किल पासबुक से संबंधित आंकड़ें प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि स्किल पासबुक एक प्रभावी उपकरण है, जो प्रथम अवलोकन में कक्षा की स्थिति को दर्शाता है।

---

### विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

# जाट शाइनिंग स्टार और जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया मातृ दिवस

### मां का दर्जा भगवान से ऊपर है: साधना बख्शी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा को सम्मानित करते जाट स्कूल क प्रधानाचार्य व मातृ दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल और जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में मातृ दिवस को लेकर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा, डिग्री कॉलेज प्राचार्य दिनेश ढिल्लों , जाट आईटीआई के प्राचार्य कुलदीप गोपेरा उपस्थित हुए। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल और जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर शाइनिंग स्टार से बाहरवीं कक्षा की छात्रा वंशिका ने अपने भाषण से मातृ दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला , जिसके बाद जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्र ने भी भाषण के माध्यम से माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नर्सरी से बहारवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्सरी के बच्चों ने मां के प्यार को व्यक्त करते हुए सुंदर चित्र बनाए, जिसमें उन्होंने माँ के साथ अपने प्यार और स्नेह को दर्शाया। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल की छात्राओं के नृत्य और गायन से पंडाल गूंज उठा। प्रधानाचार्य ने दीपक बाबूलाल करवा को उनकी उपस्थिति और प्रेरणादायक शब्दों के लिए सराहना के प्रतीक के रूप में एक यादगार स्मृति चिन्ह भेंट किया, जो उनके योगदान के लिए स्कूल की गहरी श्रद्धा का प्रतीक है। जिला अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि मातृ दिवस हमें अपनी माताओं के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र दीक्षांत तंवर, जिन्होंने 68वीं राष्ट्रीय खेलों में बॉक्सिंग में चैंपियनशिप जीती है, को नगद राशि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### डीएवी स्कूल में मनाया मातृ दिवस

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पुंडरी के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भाषण, कविता, गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत कर मातृ दिवस मनाया और अपने माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। बच्चों के इस मंचन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्या जी ने अपने संबोधन में कहा कि माता से बड़ा कोई पद नहीं, कोई आश्रय नहीं, कोई सुरक्षा नहीं। भगवान जी ने भी धरती पर मां के गर्भ से जन्म लिया था इस लिए मां का दर्जा भगवान से भी उपर बताया गया है। इसीलिए हमें अपने माता पिता का कहना मानना चाहिए और अच्छे संस्कार ग्रहण करके उनकी सेवा करनी चाहिए। अध्यापिका गीता गौड़ और रेनू धीमान ने भी मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। उन्होंने मंच का संचालन भी बखूबी किया। इस अवसर पर संगीत विभाग से स्वदेश व जसवीर ने संगीत देकर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ उपस्थित था।



**कैथल।** ध्रुव स्कूल फतेहपुर में कार्यक्रम के दौरान माताएं व स्टाफ।

# ध्रुव पब्लिक स्कूल में हर्ष के साथ मनाया मदर्स-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

■ कार्यक्रम में सभी माताओं को विशेष सम्मान चिह्न और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी भूमिका को सराहा

ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर में मदर्स डे का उत्सव इस वर्ष एक अनूठे और हर्षोल्लासपूर्ण अंदाज में मॉम्स क्लब के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्सव का माहौल छा गया, जहां माताओं और शिक्षकों के बीच एक आत्मीय और सौहार्दपूर्ण संवाद देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और चुनौतियों को केस स्टडी के रूप में प्रस्तुत करने से हुई। इन मुद्दों पर माता-पिता और शिक्षकों के बीच खुलकर विचार-विमर्श हुआ, जिससे एक सकारात्मक संवाद और सहयोग की नई दिशा मिली। इस पहल ने अभिभावकों को बच्चों के शैक्षणिक और सामाजिक विकास से जुड़ी बारीकियों को समझने में मदद की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माताओं और विद्यालय स्टाफ का संयुक्त नृत्य रहा, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को आनंदित और मंत्रमुग्ध कर दिया। इस खूबसूरत प्रस्तुति ने न केवल सांस्कृतिक सौंदर्य को उजागर किया बल्कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच आपसी सहयोग और विश्वास की भावना को और भी मजबूत किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर सभी अभिभावकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से विद्यालय और अभिभावकों के बीच संवाद का सेतु और मजबूत होता है, जिससे विद्यार्थियों के समग्र विकास को नई दिशा मिलती है।

कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को विशेष सम्मान चिह्न और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनकी भूमिका को सराहा गया। आयोजन में बच्चों की खुशियों और माताओं की मुस्कान ने कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

---

# ऑपरेशन सिंदूर के लिए जताया पीएम का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** बैठक करते रेल यात्री कल्याण समिति के पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि


रेल यात्री कल्याण समिति कैथल की बैठक आर्य समाज मंदिर करनाल रोड पर हुई। जिसकी अध्यक्षता सतपाल गुप्ता चैयरमैन ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंदूर आपरेशन करके दुनिया का दिल जीत लिया है उनकी इस कार्यवाही से देष के सभी विपक्ष नेता हो या पक्ष नेता हो सभी एक हो गए है। समिति नरेन्द्र मोदी जी का हृदय से आभार प्रकट करती है।

रेल समिति के प्रधान बलंवत सिंह जाटान ने कुरूक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल को हिसार - चंडीगढ रेल सेवा चलाने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्य के लिए यह समिति काफी लम्बे समय से प्रयासरत थी उन्होने आगे कहा कि कोई भी ट्रेन दिन के समय कैथल से कुरूक्षेत्र संचालन नही करती है कोरोनाकाल के बाद से यह ट्रेन बंद है इसके कारण कैथल के लोगों को काफी परेषानी का सामना करना पड रहा है। समिति के महासचिव अमित गुप्ता, ईष्वर दास अरोडा, राज कुमार गर्ग, रतन चंदाना आदि मौजूद रहे।

### युवराज स्कूल ने चलाया अभियान

# अभियान चलाकर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। शिविर के उपरांत अधिकारी व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एक नई दिशा फाउंडेशन ने हमसफर ट्रस्ट के सहयोग से युवराज स्कूल, कलायत में एचआईवी अधिनियम व नशा मुक्ति अभियान विषयों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह सत्र कक्षा 10, 11, और 12 के छात्रों तथा मल्टी-पर्पस हेल्थ वर्कर कोर्स कर रहे विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को सामाजिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के प्रति जागरूक बनाना और उनकी समझ को विकसित करना था।

---

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं का किया हल : फौजी



**कैथल।** ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक कैथल के प्रांगण में अंबाला वेटेरनस सहायता केंद्र,स्टेशन हेडक्वार्टर अंबाला कैंट की तरफ से पूर्व सैनिकों की पेंशन से संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रुप कैप्टन स्वरूप सिंह ओआईसीई सी एचएस पॉलीक्लिनिक की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। अंबाला से कैप्टन राम कुमार व उनके साथियों की टीम कैथल पहुची, यहां पर पहुंचकर सबसे पहले सैनिकों की विधवाओं, बुजुर्ग पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की पेंशन से संबंधित समस्याओं का रिकॉर्ड देखकर समाधान किया और शिविर में 40 सदस्यों का समाधान किया गया जिसमें सैनिकों की विधवाएं पूर्व सैनिक शामिल रहे और पुर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि अगला शिविर 13 जून को यहीं पर लगेगा उसमें भी सभी की समस्याओं का समाधान किया जाएगा

# महाराणा प्रताप को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



कैथल ।महाराणा प्रताप चौक पर कार्यक्रम के दौरान गुरुनानक स्कूल फरल के विद्यार्थी।

गुरुनानक स्कूल फरल में महान योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस विशेष अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति और वीरता के गीतों से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। प्रधानाचार्या ऋतु बंसल ने छात्रों को महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति उनके बलिदान की प्रेरणादायक गाथा सुनाई। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें निडरता, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का संदेश देता है।

### एसडीएम इन्टरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस व महाराणा प्रताप जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



एसडीएम इन्टरनेशनल स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस व महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने अनेक कविताओं के माध्यम से मातृभाव व्यक्त किया, लघु नाटक के माध्यम से बच्चों ने अपने माता -पिता की सेवा करने का संदेश दिया। स्कूल में पहुंचे अभिभावकों का फूल माला और मिठाई खिला कर स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को महाराणा प्रताप के जीवन के बारे में अवगत करवाया।

---

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



कैथल। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।

गांव किठाना में किठाना पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक वेशभूषा में भाग लिया। बच्चों ने भारत की समृद्ध संस्कृति और विविधता को जीवंत कर दिया। इस दौरान राजस्थानी,गुजराती, हरियाणवी,बंगाली, कश्मीरी, पंजाबी,स्वतंत्रता सेनानियों और ऐतिहासिक पात्रों के रूप में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। जिसमें बच्चों ने कक्षा स्तर पर प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. सुमन ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं होता, बल्कि उन्हें सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से व्यक्तित्व का निखार होता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास,टीम वर्क और अपनी संस्कृति के प्रति गर्व की भावना विकसित होती है।

# हर स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन तैयारः प्रीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ प्रत्येक गांव में पटवारी व ग्राम सचिव की लगाई ड्यूटी, सरकार की ओर से जारी सूचना पर तुरंत होगी कार्रवाई

डीसी प्रीति ने बताया कि जिले में स्थिति पूरी तरह से सामान्य एवं शांतिपूर्ण है। किसी भी तरह से घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन द्वारा सायरन आदि बजाकर ट्रायल आदि किए जा रहे हैं, ब्लैक आउट किए जा रहे हैं, ये सब एहतियातन तैयारियां हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर पुख्ता इंतजाम रहें। आमजन सचेत रहें। किसी भी तरह की अफवाह आदि न फैलाएं और न ही इन पर विश्वास करें। यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाते हुए पाया जाता है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम में दिए गए टोल फ्री नंबर 18001801332 पर दें। जिलावासी अनावश्यक रूप से यात्रा पर घरों से बाहर न निकलें।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जारी हालात के मद्देनजर डीसी प्रीति ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बारीकि से एहतियातन तैयारियां की जा रही हैं। गांव व शहरों में जरूरत पड़ने पर फौरन राहत एवं बचाव कार्यों के लिए कर्मचारियों व अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। सभी एसडीएम को जहां उपमंडल स्तर पर बैठक लेकर एहतियातन तैयारियों को पुख्ता करने के निर्देश दिए गए हैं, वहीं गांवों में हर गांव में पटवारी या ग्राम सचिव की ड्यूटी लगाई गई है। जो सरकार द्वारा जारी सूचनाओं के अनुसार तुरंत काम शुरू करवाएंगे। गांवों में पूर्व सैनिकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा शहर व गांवों में समाजसेवी संस्थाओं के साथ तालमेल बैठाते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके अलावा जिले के सभी शहरों व गांवों में सायरन या फिर साउंड सिस्टम का प्रबंध किया जा रहा है। इनमें पहले से धार्मिक स्थलों पर लगे साउंड सिस्टम हों, या किसी अन्य उद्देश्य से लगाए गए साउंड सिस्टम हों, सभी का जरूरत पड़ने पर प्रयोग किया जा सके, ऐसी एक योजना तैयार कर ली गई है।

---

# सोंगल में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोंगल में स्टूडेंट पुलिस कैडेट के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य रूप से हरियाणा पुलिस के हेड कांस्टेबल विकास कुमार और हरियाणा पुलिस महिला पुलिस करू अशोक कुमारी के सफल निर्देशन में हुआ। विद्यालय की ओर से इस हरियाणा पुलिस हरियाणा स्टूडेंट पुलिस कैडेट में लगभग कुल 46 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय की और से नोडल अधिकारी हिंदी प्राध्यापक सतवीर सिंह के मुख्य रूप से भूमिका रही। इस दौरान बच्चों को प्रशिक्षण देते समय हेड कांस्टेबल विकास कुमार व अशोक कुमारी ने बच्चों को परेड के बारे में सलूट के बारे में, राइट लेफ्ट और दाएं बाएं टर्न के बारे में तथा मैदान में अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई। जिससे बच्चों ने बहुत ही रुचि के साथ भाग लिया और अनेक प्रकार का शिक्षण प्राप्त किया। इसके अलावा कक्षा के रूप में अनेक प्रकार के प्रशिक्षण जैसे सामाजिक समस्या राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय गीत राष्ट्रीय समस्याओं, आपदा और अनेक प्रकार के आसपास अपराधों से संबंधित अनेक प्रकार की जानकारी बच्चों को दी।

### रोटरी कल्ब चीका ने खिलाड़ियों को दी हाकी किट

# खेलों में भाग लेने से बच्चे नशे से बचेंगे: कर्मचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



**गुहला-चीका ।** खिलाड़ियों को किट प्रदान करते मंडी प्रधान कर्म चंद व अन्य।

रोटरी कल्ब चीका द्वारा आज राजकीय माडल संस्कृति स्कूल चीका में एक कार्यक्रम का आयोजन कर हाकी एकेडमी के खिलाड़ियों को हाकी किट प्रदान की। इस कार्यक्रम में अनाज मंडी प्रधान कर्म चंद गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व अध्यक्षता रोटरी कल्ब के प्रधान नरेश जैन ने की। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल के प्रधानाचार्य मेधावृत, रोटरी प्रधान नरेश जैन, रोटरी कल्ब के 2026-27 के प्रधान डॉ सतीश मित्तल, एसएमसी प्रधान कुलदीप फौजी, सुरेश सेठी ने फूल मालाओं से मंडी प्रधान कर्म चंद गर्ग का स्वागत किया। खिलाड़ियों को हाकी किट प्रदान करने उपरांत अपने संबोधन में कर्म चंद गर्ग ने कहा कि खेलों में भाग लेने वाले बच्चे ना सिर्फ स्वस्थ व मजबूत बनते हैं बल्कि ऐसे बच्चे नशे जैसी लत से भी बचे रहते हैं। रोटरी कल्ब के प्रधान नरेश जैन ने कहा कि चीका में हाकी एकेडमी का होना क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है। नरेश जैन ने कहा कि चीका की एकेडमी में हर सुबह सैकड़ों छोटे छोटे कड़ा अभ्यास करते हैं जिन्हें देखकर मन गदगद होता है। रोटरी कल्ब चीका के आगामी प्रधान डॉ. सतीश मित्तल ने कहा कि ये बच्चे खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर सके इसके लिए इन्हें हर प्रकार की मदद करना गुहला क्षेत्र के लोगों का दायित्व है। डॉ. मित्तल ने कहा कि रोटरी कल्ब चीका भविष्य भी इन नन्हें खिलाड़ियों को हर प्रकार की मदद करता रहेगा।

### ये रहे मौजूद

हाकी कोच नरेश कुमार ने बच्चों को हाकी किट उपलब्ध करवाने पर रोटरी कल्ब के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यदि इन बच्चों को इसी प्रकार से सहयोग मिलता रहा तो आने वाले समय में ये बच्चे गुहला का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जरूर रोशन करेंगे। इस मौके पर बीईओ सुखविंद्र सिंह, संजीव हैप्पी, राजकुमार जाखौली, शीशपाल जिंदल, बलजीत नंडा, पवन गर्ग, सुरेश कुमार, नरेश गर्ग, महताब पीटीआई, प्राध्यापक बलविंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, पिंकराज, एसएमसी उपप्रधान संजीव कुमार व शमशेर सिंह भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बिना अधिकृत फोटो व वीडियो शेयर ना करें

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की बिना अधिकृत अथवा अपुष्ट फोटो, वीडियो अथवा न्यूज का संप्रेषण अपने प्रचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया पर न करें। साथ ही यदि कहीं कोई ऐसी फेक न्यूज है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों की पालना करते हुए जिला के नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। कोई भी जानकारी सांझा करने से पूर्व उसके तथ्यों की जांच करने सहित केवल प्रशासनिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### कल लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**सफीदों।** मिशन सिन्दूर और महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मदिवस पर आगामी 11 मई को श्री कृष्ण कृपा परिवार के तत्वावधान में नगर के जेसीज भवन में विशाल रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के अध्यक्ष सुरेश थनई ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में डा. लवकेश अग्रवाल, डा. अजय मेहरा, डा. भारती वर्मा, डा. राजेश कुमार एवं डा. पुलकित गोयल लोगों का स्वास्थ्य जांच करेंगे।

### एसडीएम ने बैठक लेकर जारी किए निर्देश

**कलायत।** कलायत के एसडीएम कृष्ण कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर मौजूदा हालात के मद्देनजर आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मेडिकल उपकरण, वार्ड, एंबुलेंस सुविधा हर समय तैयार रहे। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव स्तर पर टीम बनाई जाए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि साइबर अटैक आदि से भी सतर्क रहें। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपना मोबाइल चालू रखें। किसी भी समय उन्हें बुलाया जा सकता है।

### एकमुश्त निपटान योजना का लाभ उठाएं

**कैथल।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री कर) कैथल सीमा बिडलान ने बताया कि आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा व्यापारियों को राहत देते हुए कुल सात अधिनियमों के तहत बकाया राशि के भुगतान के लिए एकमुश्त निपटान योजना, 2025 की शुरूआत की है। यह योजना एक अप्रैल, 2025 से शुरू होकर 180 दिनों के लिए लागू रहेगी।

### खेल हमारी समरसता का प्रतीक : डॉ. जयपाल

**जींद।** सीआरएसयू के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा शुक्रवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया। हरियाणा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी राई (सोनीपत) से सहायक प्रोफेसर डॉ. जयपाल ने छात्रों को संबोधित किया।

डॉ. जयपाल ने कहा कि खेल न केवल राष्ट्रीय गौरव और सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं, बल्कि यह युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का एक सशक्त माध्यम भी हैं। मीडिया आज प्रिंट, रेडियो और टेलीविजन से आगे बढकर डिजिटल प्लेटफॉम्र्स, सोशल मीडिया, यूट्यूब चैनल्स, पॉडकास्ट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विश्लेषण तक विस्तारित हो चुका है।

### बीएलओ एप में हर रोज लॉगिन करें : एसडीएम

**सफीदों।** एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में निर्वाचन सुपरवाइजरों की बैठक ली। इस मौके पर चुनाव कानूनगो नरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि सभी बूथ लेवल अधिकारी प्रति कार्य दिवस बीएलओ ऐप पर लॉगिन करें। वोट बनवाने के लिए आए हुए फार्म को जांच पड़ताल करके निर्धारित समय में वेरीफाई करें।

# सीएम फ्लाइंग का डिडवाड़ा में छापा बिना मान्यता चल रहा था प्ले स्कूल

## शिक्षा विभाग की टीम भी साथ रही, संचालक को नोटिस देकर स्कूल बंद करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को छापा मारकर उपमंडल के गांव डिडवाड़ा में बिना मान्यता के चल रहे प्ले स्कूल को पकड़ा है। इस कार्रवाई की अगुवाई सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक सतपाल सिंह ने की। इस मौके पर उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह व सहायक उप निरीक्षक चरण सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गांव डिडवाड़ा में बिना मान्यता के संस्कार वैली नामक प्ले स्कूल चल रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को साथ लेकर स्कूल में छापा मारा। टीम ने पाया कि गांव के मकान में यह स्कूल चल रहा था और शिक्षक बच्चों को कमरों में पढ़ा रहे थे। टीम ने वहां पर मौजूद स्कूल संचालक सचिन कुमार से शिक्षा विभाग की मान्यता के कागजात मांगे तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। छानबीन में टीम ने पाया कि स्कूल में प्राइमरी में 12, नर्सरी में 20, एलकेजी में 12, यूकेजी में 10, पहली कक्षा में 2, दूसरी कक्षा में 3 बच्चे व तीसरी कक्षा में 2 बच्चे पढ़ाई करते हुए मिले। इसके अलावा स्कूल में चार अध्यापक व स्कूल संचालक मिला। जांच के उपरांत स्कूल संचालक को नोटिस देकर स्कूल बंद करवाया गया।



सफीदों। स्कूल में कार्रवाई करती हुई सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि



सफीदों। वह मकान जहां पर स्कूल चलाया जा रहा था। फोटो : हरिभूमि

**सूचना के आधार पर पहुंची टीम**

सीएम फ्लाइंग के उप निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव डिडवाड़ा में बिना मान्यता के स्कूल चल रहा है। सूचना के आधार पर टीम वहां पहुंची। जांच में पाया कि स्कूल बिना मान्यता के चल रहा था।



सफीदों। कमरों में बच्चों को पढ़ाती हुई महिला शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

# शहर व गांवों में सायरन लगवाना सुनिश्चित करें



गुहला-चीका। एसडीएम कैप्टन परमेश बैठक को संबोधित करते हुए।

- अफवाहों पर विश्वास न करें आमजन, प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही जानकारी पर ही करें विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने खंड गुहला के सभी विभागों के अधिकारियों से साथ बैठक कर उन्हें किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी अधिकारी व कर्मचारी किसी भी हालत में स्टेशन न छोडें। किसी भी समय किसी भी अधिकारी व कर्मचारी की डयूटी लगाई जा सकती है। उन्होंने बीडीपीओ को आदेश देते हुए कहा कि गांवों में ग्राम सचिव, पटवारी की डयूटी लगाकर पब्लिक अनाउंसमेंट, लाउड स्पीकर, सायरन लगवाना सुनिश्चित करें, ताकि आपातकालीन स्थिति में लोगों को घर बैठे सही जानकारी दी जा सके। गांवों में गुरुद्वारों, मंदिरों, बैकों में लगे लाउड स्पीकरों को चैंक करें, ताकि आपातकालीन स्थिति में इनका इस्तेमाल किया जा सकें। प्रत्येक गांव में ग्राम सचिव या पटवारी हर समय मौजूद रहे तथा किसी भी तरह की गलत अफवाहें न फैलने दें। उच्च अधिकारियों से तालमेल कर प्रशासन द्वारा दी जा रही सही जानकारी को लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। नगर पालिका अधिकारी सुनिश्चित करें कि शहर में पब्लिक अनाउंसमेंट के लिए जगह को चिन्हित कर लाउड स्पीकर लगवाएं। उन्होंने वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी से एंबुलेंसों की भी जानकारी हासिल की। एसडीएम ने आमजन अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक घरों से बाहर न जाए।

गलत अपवाहें न फैलने दें, तथा जागरूक रहें। इस अवसर पर डीएसपी कुलदीप बैनिवाल, नायब तहसीलदार बंसीलाल, बीडीपीओ समिता, मार्किट कमेटी सचिव सतबीर राविश, नगरपालिका सचिव जितेन्द्र, एसडीओ अजमेर सिंह व इंद्राज पंवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समय में रक्त की आवश्यकता रहती है।

# भगवान विश्वकर्मा मंदिर चीका में विशेष योग शिविर का शुभारंभ



गुहला चीका। आचार्य हरिओम साधकों को योगाभ्यास करवाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

भगवान विश्वकर्मा मंदिर, चीका में 15 दिवसीय मोटापा व मधुमेह नियंत्रण हेतु विशेष योग शिविर का शुभारंभ 9 मई को तहसील प्रभारी शरण दास गुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। आचार्य हरिओम के मार्गदर्शन में साधकों को मोटापा व शुगर नियंत्रित करने वाले विशेष आसनों व प्राणायामों का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास व संतुलित आहार से न केवल वजन घटाया जा सकता है, बल्कि मधुमेह जैसी बीमारियों को भी नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने साधकों को पौष्टिक आहार व जीवनशैली में सुधार की महत्ता भी समझाई। इस शिविर का उद्देश्य शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग की नई तकनीकों को सीखा और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाया।



नरवाना। पंचायत में भाग लेते हुए बिनैन खाप के लोग।

## सर्वजातीय बिनैन खाप ने सेना को सेल्यूट किया

**नरवाना।** शुक्रवार को सर्वजातीय बिनैन खाप की एक अहम पंचायत खाप के चबूतरे गांव दनौदा में बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता सर्वखाप व सर्वजातीय बिनैन खाप के प्रधान रघुबीर सिंह नैन ने की। रघुबीर नैन ने भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच कहा है कि भारतीय सेना ने आम लोगों को निशाना न बनाते हुए केवल आतंकवादियों पर सटीक निशाने लगाए और उसमें 100 प्रतिशत सफलता हासिल की। जिससे सर्वजातीय बिनैन खाप भारतीय सेना को सेल्यूट करती है और खाप तन मन धन से भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कृषक समाज के प्रधान ईश्वर नैन ने भी कहा की देश में इस संकट की घड़ी को देखते हुए सभी देशवासी देश की सेना के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा ओछी हरकत की है क्योंकि उन्होंने भारत में निर्दोष लोगों की हत्या की है। लेकिन भारतीय की सेना कभी भी ऐसा काम नहीं करती है हालांकि आतंकवादियों के जनाजे में भी पाकिस्तान की सेना के लोग दिखाई दिए। जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पाकिस्तान की सेना और वहां की जो हुकूमत है वह आतंकवादियों के साथ खड़ी है। इस मौके पर उपप्रधान भगत राम, महामंत्री बलजीत, खाप प्रवक्ता संदीप हरियाणा, कोषाध्यक्ष राममेहर, रामनिवास, मियां सिंह, जयभगवान व्यापारी, कुलदीप सरपंच, राजपाल मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप को किया याद




राजौंद। महाराणा प्रताप की जयंती मनाते हुए समाज के लोग व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद में महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान नगर के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप किसी एक विशेष जाति के न होकर पूरे देशवासियों के लिए एक महान योद्धा थे। उन्होंने कहा कि हमें उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन बलिदानियों से भरा पड़ा है। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान राकेश पार्षद जोनी राणा,अशोक फौजी, सोनू राणा राजिंदर राणा, कर्मपाल खुरडा,भूपेंद्र राणा,कमल राणा, संदिप राणा, मोहकम राणा , काका राणा,विरेन्द्र राणा,लोकेश राणा,बिट्टू राणा श्याम सिंह, जयपाल राणा, संग्राम राणा, गोरव राणा,अजय राणा, सोनू राणा, शक्ति ,गौतम, राघव, विक्रांत, सचिन, दिपक, आदि भारी संख्या में युवा मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ



राजौंद। नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए पुलिसकर्मी व स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**राजौंद।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोंगरी में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। उन्हें बताया कि व्यक्ति किस प्रकार नशे का आदी हो जाता है और यही नशा उसकी जिंदगी तबाह कर देता है। विद्यालय के नशा मुक्ति अभियान के नोडल ऑफिसर भूगोल प्रवक्ता मोनू ने बताया कि नशे की लत से व्यक्ति अपने परिवार व समाज से दूर हो जाता है। जिसके गंभीर परिणाम हमारे सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की आदतों के कारण ही दिन प्रतिदिन कैंसर के रोगी बढ़ते जा रहे हैं। हमें समाज को नशा मुक्त करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए और इसके लिए युवा वर्ग को आगे आना चाहिए। सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मिलकर नशा मुक्त रहने के लिए शपथ ली।

# नई तकनीक आधारित प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान : जांबा

- कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि नई तकनीक आधारित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा तब मिलेगा जब किसानों में जुनून होगा। खेती से दुनिया आगे बढ़ रही है। कृषि के माध्यम से किसान खुद के साथ-साथ समाज और देश को मजबूत बना सकता है। कुशल, समृद्ध एवं नया भारत बनाने का सपना साकार होगा। इसलिए किसान प्राकृतिक खेती अपनाएं।

विधायक सतपाल जांबा ने कुरुक्षेत्र में आयोजित कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में भाग लेने उपरांत बताया कि किसानों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि उनकी आय में बढ़ोत्तरी हो। उन्होंने सांसद नवीन जिंदल के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे-ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कृषि के बारे में अहम जानकारी प्राप्त होती है और वह परंपरागत कृषि को छोड़कर प्राकृतिक खेती की तरफ अपना रूख कर सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी किसानों के कल्याणार्थ अनके स्कीमें क्रियान्वित की है, ताकि आय में दोगुणी हो।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा कृषि-तकनीकी प्रदर्शनी एवं स्टार्टअप कॉन्क्लेव में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

## 424 प्राथमिक स्कूलों में 23 को होगा पीटीएम का आयोजन

**जींद।** एफएलएन के तहत जिले के 424 प्राथमिक स्कूलों में 23 मई को पीटीएम का आयोजन किया जाएगा। पीटीएम में विद्यार्थियों की कमियों को दूर करने के लिए शिक्षक अभिभावकों के साथ विचार विमर्श करेंगे। सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक-अभिभावक बैठक करने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में अभिभावकों को शामिल होना है। बैठक में अभिभावकों को छात्र के प्रदर्शन के बारे में बताया जाएगा। पीटीएम में शिक्षक बच्चों के अभिभावकों को उनकी पढ़ाई के स्तर की रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से जानकारी देंगे। बच्चा किस विषय में होशियार है और किसमें कमजोर है, उसके बारे में अभिभावकों को भी बताया जाएगा ताकि बच्चों की कमियों को दूर कर उन्हें हर विषय में दक्ष बनाया जा सके। विभाग का मानना है कि माता-पिता और शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इसलिए छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन की बेहतरी के लिए उनके बीच बातचीत आवश्यक है। इसे सुविधाजनक और उपयोगी बनाने के लिए पीटीएम एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। कई विद्यार्थियों के सीखने में अंतराल हो सकता है। अभिभावक-शिक्षक बैठक का महत्व इस अंतर को दूर करता है। 23 मई को राजकीय स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक बैठक होगी, ताकि छात्रों की कमियों को दूर किया जा सके और उन्हें हर विषय में दक्ष बनाया जा सके।

## जीवन में सकारात्मक सोच से आगे बढ़ें : शर्मा

**जींद।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि जीवन बहुत छोटा है इसे गुस्सा, पछतावा, शिकायत और चिंता करने में बर्बाद न करें। हमेशा प्रसन्न और सकारात्मक रहे। जीवन में हमें आगे बढना है तो सकारात्मक रहना होगा। इस सोच से ही निरंतर आगे बढ़ा सकता है जीवन में प्रसन्न रहा जा सकता है। जीवन में अकेले रहो और अपना निर्णय करो भगवान तुम्हारे पास कोई ऐसा इंसान भेजेगा जो वास्तव में तुम्हारा हकदार होगा तुम्हारा मदगार होगा तुम्हे आगे लेकर जाने में सहयोग करेगा। नायक हमेशा दुश्मनों से लड़ते है जबकि नालायक हमेशा अपनों से लड़ते है। जीवन में अगर माता-पिता का टोकना बुरा लगने लगे तो यह जान लो कि तुम में जो संस्कार होने चाहिए वो खत्म हो चुके हैं।



कैथल। एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण अधिकारियों से बातचीत करते हुए।

## लंबित मामलों को जल्द निपटाएं अधिकारी : डॉ. किरण

**कैथल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी डॉ० एम. रवि किरण ने जुडिशियल मालखाना चेक करने उपरांत कार्यालय पुलिस अधीक्षक में पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की। एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने पुलिस अधिकारियों को सतर्क रहने और जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने जिले में अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा की और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों को जल्द निपटाने, अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने और कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस को सक्रिय रहकर अपराधियों पर लगाम कसनी होगी, ताकि जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे।

### छात्राओं को महिलाओं के विरूद्ध व साइबर अपराधों पर जागरूक किया

# महिलाओं की सुरक्षा करना समाज की प्राथमिकता : एएसपी

- नारी की सुरक्षा समाज और प्रशासन की जिम्मेदारी : बबीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला पुलिस ने चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन की अध्यक्षता में हुआ। इसमें मुख्य रूप से एएसपी आईपीएस सोनाक्षी सिंह ने शिरकत की। इस दौरान चीफ वार्डन जसबीर सूरा, डॉ. सुनीति वार्डन, पुलिस पीआरओ अमित कुमार और दुर्गा शक्ति टीम इंचार्ज उप निरीक्षक बबीता देवी भी मौजूद रही।

एएसपी सोनाक्षी सिंह ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान करना समाज और प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लड़ती हारती तब है जब वह कठिन परिस्थिति में अपना आत्मविश्वास खो देती है। शिक्षा के माध्यम से लोगों की मानसिकता में बदलाव लाना होगा। महिलाओं के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता की भावना को विकसित करने के अलावा महिला अपराधों के खिलाफ जागरूकता लानी होगी। उन्होंने कहा कि डायल 112 पर ज्यों ही आप कॉल करते हैं। पुलिस सात-आठ मिनट में आप तक पहुंच जाती है। मोबाइल से तीन बार पावर बटन को दबाने से अपने आप डायल 112 पर कॉल हो जाती है। इसी वक्त आपकी लोकेशन पुलिस को मिलती है और आपके बचाव व सहायता के लिए पुलिस की गाड़ी पहुंच जाएगी। पुलिस प्रवक्ता अमित कुमार ने साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया।



जींद। सीआरएसयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एएसपी सोनाक्षी सिंह।

**महिला अपराध पर त्वरित कार्रवाई की जाए**

दुर्गा शक्ति इंचार्ज उपनिरीक्षक बबीता देवी ने कहा कि महिलाओं के स्वाभिमान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का दुर्गा शक्ति पुलिस एक सशक्त पहल है। जब नारी असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज और प्रशासन दोनों का कर्तव्य बनता है कि उसकी रक्षा के लिए सशक्त व्यवस्था करे। इसी सोच के तहत हरियाणा सरकार ने वर्ष 2012 में दुर्गा शक्ति रैपिड एक्शन फोर्स की स्थापना की। जिसका मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से प्रशिक्षित महिला पुलिस बल है, जिसे महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई के लिए तैनात किया गया है।